भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 596
दिनांक 24.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

ऑपरेशन सिंदूर

596 # श्री रामजी लाल सुमनः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा अंतरराष्ट्रीय दबाव में की गई;
(ख) तत्संबंधी वस्तुस्थिति क्या है;
(ग) ऑपरेशन सिंदूर की एकाएक युद्ध विराम की घोषणा का सेना के मनोबल पर क्या प्रभाव पड़ा क्योंकि हमारी सेनाएँ महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर रही थीं, लेकिन अचानक युद्ध विराम की घोषणा करना उनके मनोबल और देश की जनता की भावनाओं के विरुद्ध था; और
(घ) तत्संबंधी वस्तुस्थिति क्या हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (घ) ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किए गए एक बर्बर सीमा पार आतंकी हमले का जवाब देने के लिए शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य आतंकवादी अवसंरचना को ध्वस्त करना और भारत में भेजे जाने के लिए संभावित आतंकवादियों को निष्प्रभाव करना था।

भारत की कार्रवाई फोकस्ड, नपी-तुली और गैर-उकसाने वाली थी। तथापि, पाकिस्तान ने कुछ सैन्य सुविधाओं के अलावा, भारत के नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाने का प्रयास किया। पाकिस्तान की इन उकसावे वाली और विवाद को बढ़ाने वाली कार्रवाइयों का भारतीय सशस्त्र बलों ने कड़ा और निर्णायक जवाब दिया, जिससे पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ।

तत्पश्चात, दिनांक 10 मई 2025 को, पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक ने अपने भारतीय समकक्ष से गोलीबारी और सैन्य गतिविधियाँ बंद करने का अनुरोध किया, जिस पर उसी दिन बाद में सहमति बन गई।

*****